हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

प्रेस नोट

No.BSEH/SRS/2025 **DATE. 03-02-2025**

NOTIFICATION 53/ 2025

विषयः–सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च–2025 हेतु राजकीय/अराजकीय स्थाई/अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों तथा गुरुकुल/विद्यापीठों के परीक्षार्थियों की फाईनल कट लिस्ट जारी करने बारे।

सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च–2025 के लिए विद्यालयी परीक्षार्थियों की चैकलिस्ट जारी करते हुए ऑनलाईन शुद्धि के लिए दिनांक 20.12.2024 से 29.12.2024 तक सभी राजकीय/स्थाई विद्यालयों को तथा अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों को दिनांक 24.01.2025 से 26.01.2025 तक छात्रों के विवरणों में ऑनलाईन शुद्धि हेतु समय दिया गया था। इसके उपरांत सभी विद्यालयों को फाईनल कटलिस्ट जारी होने तक बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होते हुए ऑफलाईन शुद्धि करवाने का समय दिया गया था।

सभी विद्यालयी परीक्षार्थियों की फाईनल कट लिस्ट दिनांक 03.02.2025 से विद्यालयों की लॉगिन आई0 डी0 पर जारी की जा रही है, जिसे विद्यालय मुखिया, विद्यालय को जारी किए गए लॉगिन आई0 डी0 एवं पासवर्ड से डाउनलोड कर सकते हैं।

कट लिस्ट में दर्ज विवरणों जैसे नाम/पिता, माता का नाम/फोटो/हस्ताक्षर/Gender/ जन्म तिथि/आधार नं0/विषय का माध्यम/विषय इत्यादि में कोई अशुद्धि है तो दिनांक 03.02.2025 से मूल साक्ष्यों सहित दिनांक 14.02.2025 तक कार्यालय दिवसों में नियमानुसार 300/रु0 प्रति शुद्धि शुल्क के साथ शुद्धि करवा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद किसी प्रकार के प्रतिवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की रही त्रुटि के लिए विद्यालय स्वंय जिम्मेवार होगा।

उप–सचिव (परीक्षाएं)